दिनांक 16 मई 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने शहरी गौठान का किया औचक निरीक्षण, अब गौठान में महिलाएं मुर्गी पालन का भी करेंगी व्यवसाय, रोजगार मूलक गतिविधियां में हो रहा इजाफा

भिलाई नगर/ आज कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने शहरी गौठान कोसानगर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने यहां की महिलाओं की रोजगार संबंधी गतिविधियां देखी , महिलाओं द्वारा मछली पालन का व्यवसाय किया जा रहा है , अगरबत्ती निर्माण, फूलों से बने साबुन, फिनाइल आदि का वृहद रूप में महिलाएं व्यवसाय कर रही है। महिलाओं की रुचि को देखते हुए कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे ने गौठान में मुर्गी पालन के व्यवसाय को बढ़ावा देने कहा। मछली पालन देखने तालाब पहुंचे और इस प्रकार के व्यवसाय पर फोकस करने कहा , उन्होंने महिलाओं को निर्देश दिए कि सब्जी उत्पादन गौठान के एक बड़े भूभाग पर करें , ज्यादा मांग और जल्दी ग्रोथ करने वाले सब्जियों का चयन इसके लिए करें। कलेक्टर ने गोबर से वर्मी कंपोस्ट बनाने की प्रक्रिया का निरीक्षण किया वहीं उन्होंने वर्मी कंपोस्ट खाद की क्वालिटी भी देखी। कलेक्टर ने महिलाओं के कार्य की सराहना की तथा और भी गतिविधियों को जोड़ने व रोजगार तथा आय प्राप्त करने के सुझाव दिए वहीं उन्होंने महिलाओं के द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पाद की सामग्री की खरीदी की और महिलाओं को प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे , जिला पंचायत सीईओ अश्वनी देवांगन, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , उपायुक्त सुनील अग्रहरी , जोन आयुक्त मनीष गायकवाड एवं अमिताभ शर्मा कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा , संजय बागड़े आदि मौजूद रहे।

सी मार्ट का निरीक्षण कर जल्द कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश कलेक्टर डॉक्टर भुरे पावर हाउस के समीप स्थित निर्माणाधीन सी मार्ट का निरीक्षण करने पहुंचे , उन्होंने सी मार्ट के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। मार्केट के लिए तैयार किए जा रहे स्ट्रक्चर को उन्होंने देखा , ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।